


RNI NO. CHHHIN/2016/70655

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024 पृष्ठ-12+4 वर्ष-08, अंक- 353 मूल्य 3.00 ₹


## अवकाश एवं शुभकामना संदेश

स्वतंत्रता दिवस की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 17 अगस्त को प्राप्त होगा।

**-संपादक,** पायनियर

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देश की आजादी की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर



प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कठिन संघर्ष, त्याग और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले उन सभी अनाम योद्धाओं, शहीदों और वीर जवानों को नमन है, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया। उनकी बदौलत हम आजाद वातावरण में सांस ले पा रहे हैं।

### कोलकाता की घटना पर मिलकर सोचने की जरूरत : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोलकाता में जूनियर



डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि निर्भया कांड के बाद कठोर कानून बनने के बावजूद इस तरह के अपराध रुक नहीं रहे हैं, इसलिए सबको मिलकर इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# राष्ट्रपति ने समाज में कलह पैदा करने वाली प्रवृतियों को खारिज करने का किया आह्वान

**पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत जैसे विशाल देश में ऊंच-नीच की धारणा के आधार पर कलह पैदा करने वाली प्रवृतियों को खारिज करने का पुरजोर आह्वान करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और देश में सामाजिक लोकतंत्र निरंतर मजबूत हो रहा है। मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ, हम एक राष्ट्र के रूप में, एकजुट होकर, एक साथ, आगे बढ़ रहे हैं। समावेश के साधन के रूप में, सकारात्मक कदमों को मजबूत किया जाना चाहिए। मैं दृढ़ता के साथ यह मानती हूं कि भारत जैसे विशाल देश में, कथित सामाजिक स्तरों के आधार पर कलह को



बढ़ावा देने वाली प्रवृत्तियों को खारिज करना होगा। राष्ट्रपति ने डॉक्टर बी.आर. आंबेडकर को उद्धृत करते हुए कहा, 'हमें अपने राजनीतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना चाहिए। राजनीतिक लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब तक कि उसके आधार में सामाजिक लोकतंत्र न हो।' उन्होंने कहा कि भारत में राजनीतिक लोकतंत्र ने निरंतर प्रगति की है और इस बात की पुष्टि करता है कि देश में सामाजिक लोकतंत्र को मजबूत हुआ है। मुर्मु ने कहा, समावेशी भावना, हमारे सामाजिक जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है। सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ने अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और समाज के अन्य हाशिए के वर्गों के कल्याण के लिए अनेक अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने सरकार द्वारा दलितों, जनजातीय समूहों के उत्थान के लिए लागू की जा रही योजनाओं और अभियानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आर्थिक क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत पिछले चार वर्षों से सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थ-व्यवस्थाओं में शामिल है। भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के निकट है।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' संगोष्ठी में शामिल हुए। संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश एवं विचारक एवं फ़िल्म कलाकार मुकेश खन्ना उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर उन लाखों लोगों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने देश के विभाजन के दौरान अमानवीय पीड़ा झेली, अपनी जान गँवाई, बेघर हो गए। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि भारत का विभाजन सिर्फ देश का विभाजन नहीं था, यह मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक थी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत की एकता और




अखंडता को कैसे चोट पहुंचाई गई। विभाजन का दंश झेलने वाली पीढ़ी ने जो वेदना सही है, उसे वर्तमान और आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूलेंगी। भारत विभाजन के दौरान लोगों का विस्थापन हुआ, बड़े पैमाने पर हत्या और बलात्कार हुए। लोग अपनी जड़ो से बिछड़ कर शरणार्थी बनने को विवश हुए। लोगों ने मजबूरी में जिस तरह पलायन किया उसकी दर्दनाक तस्वीरों को कोई नहीं भूल सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिवस हमें देश की एकता और अखंडता की आवश्यकता और इसके लिए एकजुट रहने का सबक भी देता है। इतिहास में की गई गलतियों से जो देश और समाज सीख नहीं लेते हैं, उन्हें बहुत बड़े नुकसान उठाने पड़ता है। देश के विभाजन के दौरान लोगों ने कितनी कठिनाइयां झेली, किस दर्द को झेला यह इस त्रासदी को झेलने वाले ही जान सकते हैं। विभाजन से लाखों हिंदुओं ने कितनी यातनाएं झेली, हजारों, लाखों की संख्या में हत्याएं, बलात्कार जैसी घटनाएं हुई। यह सब सिर्फ नेताओं के स्वार्थ के कारण हुआ। उन्होंने अपने स्वार्थ को देश से उपर रखा।

# पीएम मोदी से मिले फाक्सकॉन के प्रमुख, योजनाओं पर हुई चर्चा

**वार्ता < नयी दिल्ली**
www.dailypioneer.com

होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) के चेयरमैन यंग लियू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और इंलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र की इस कंपनी की योजनाओं पर चर्चा की।



प्रधानमंत्री ने बातचीत में भविष्य की दृष्टि से उभरते नए क्षेत्र में भारत में निवेश की भावी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर देते हुए कहा, होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) के चेयरमैन यंग लियू से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मैंने भविष्य के क्षेत्रों में भारत द्वारा पेश किए जाने वाले शानदार अवसरों पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस मुलाकात में फाक्सकान के प्रमुख के साथ कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में कंपनी की निवेश योजनाओं पर भी अच्छी चर्चा हुई। मोदी ने यंग लियू के साथ इस भेंट की तस्वीर भी एक्स पर साझा की।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को शुभकामनायें दी है। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 78 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर धनखड़ ने सभी नागरिकों को हार्दिक



शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा, देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। आइए, हम अपने स्वतंत्रता संग्राम के उच्च आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ कर स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संरक्षित करें एवं एक राष्ट्र के रूप में हमारी सामूहिक यात्रा का चिंतन कर 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रयास करें। धनखड़ ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन भारत के अनगिनत सेनानियों की याद दिलाता है, जिनके अदम्य साहस और बलिदान ने भारत को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में स्थापित किया।

# गोविंद मोहन होंगे अगले गृह सचिव 22 अगस्त को संभालेंगे कार्यभार

**पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन को केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किया है। यह जानकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा बुधवार को जारी एक परिपत्र में दी गयी। मोहन 22 अगस्त को अजय कुमार भल्ला की जगह गृह सचिव का कार्यभार संभालेंगे। वह इस समय संस्कृति मंत्रालय के सचिव हैं। भल्ला का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। परिपत्र में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने गोविंद मोहन, आईएएस, सचिव, संस्कृति मंत्रालय को तत्काल प्रभाव से गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। विशेष कार्य अधिकारी मोहन 22 अगस्त को अजय कुमार भल्ला, आईएएस के स्थान पर गृह मंत्रालय में गृह सचिव का पदभार संभालेंगे, जिनका सेवाकाल उसी दिन पूरा हो रहा है।

# केजरीवाल को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई को नोटिस

**पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से की गई गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर बुधवार को नोटिस जारी किया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 05 अगस्त को अपनी याचिका ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को (दोनों याचिकाओं पर) अपना पक्ष रखने का निर्देश देते हुए कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 23 अगस्त को करेगी। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए दलील दी कि ईडी की ओर से दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने तीन मौकों पर अंतरिम जमानत दी है।







# आजादी के पर्व की हार्दिक शुभकामनायें




चलो फिर से वो नजारा याद कर लें,शहीदों की दिल में थी जो ज्वाला वो याद कर लें।
जिसमें बहकर आजादी पहुँची थी किनारे पर, बलिदानियों के खून की वो धारा याद कर लें।।
















अनेकता में
एकता ही
इस देश की
शान है,
इसलिए
मेरा भारत
महान है....























**रायपुर।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में महिला रेजीडेंट डॉक्टर के साथ दुश्कर्म और हत्या के खिलाफ देश भर में विरोध जारी है। राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उक्त घटना पर विरोध जताया। श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमेन डॉक्टर देवेन्द्र नायक और उनके साथ हॉस्पिटल के कई डॉक्टरों समेत मेडिकल के छात्रों ने कैंडल मार्च कर घटना पर विरोध जताया।




# स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा



**पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बुधवार सुबह 7.30 बजे जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा,खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा शामिल हुए.उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की देश के प्रति प्रेम एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य है इस मौके पर उन्होंने ने सभी प्रतिभागियों का दौड़ लगाकर उत्साहवर्धन किया और तिरंगा फहराना, स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने, देश के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने समाज में शांति और सद्भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई. इस मौके पर नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष चितावर जायसवाल,पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दौड़ में लगभग 4 सौ से अधिक स्थानीय जनप्रतिनिधि पत्रकार गण अधिकारी कर्मचारी स्कूली छात्र छात्राएं सम्मलित होकर दौड़ में भाग लिए छात्र-छात्राओं के उत्साह वर्धन के लिए, मंत्री वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भी लगभग 2 किलोमीटर दौड़ पूरी की।

# छत्तीसगढ़ के 25 पुलिस अधिकारी, पुलिस वीरता विशिष्ट सेवा एवं सराहनीय सेवा पदक से होंगे सम्मानित

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस, 2024 के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित किये जाने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा तथा पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदक से विभूषित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

**पुलिस वीरता पदक - 15 :** शिशुपाल सिन्हा, निरीक्षक, जिला बालोद, निर्मल जांगड़े, उप निरीक्षक, हाल निरीक्षक, जिला कांकेर, अमैया चिलमुल, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, फुल्ला गोपाल, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, तुलाराम कुहरामी, प्रधान आरक्षक, जिला बीजापुर, गोपाल बोड्डु, आरक्षक, जिला बीजापुर, हेमन्त एण्ड्रिक, आरक्षक, जिला बीजापुर, मोती लाल राठौर, आरक्षक, जिला बीजापुर, गोविन्द सोढ़ी, आरक्षक, जिला बीजापुर, सुकारू राम, आरक्षक, जिला बीजापुर, मुन्ना कड़ती, आरक्षक, जिला बीजापुर, कृष्णा गाली, आरक्षक, जिला बीजापुर, भीमा, आरक्षक, जिला बीजापुर, धनीराम कोरसा, आरक्षक, जिला बीजापुर, कृष्णा ताती, आरक्षक, जिला बीजापुर।

**विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक - 01 :** आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी, पीटीसी बोरगांव।

**सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक - 09 :** सुशील चंद्र द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, राहुल भगत, सचिव, मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन, रायपुर, राजकुमार मिंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला, माना-रायपुर, गुरजीत सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, जिला रायपुर, प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक सेनानी, माननीय मुख्यमंत्री सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, रायपुर, प्रभु लाल कोमरे, कंपनी कमाण्डर, 19वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, उप निरीक्षक, जिला बस्तर, धरम सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक, जिला सुकमा, रविन्द्र कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक, जिला कांकेर।

स्वतंत्र भारत की प्रगति एवं कीर्ति के
78 वें वर्ष
का अभिनंदन



भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भारत अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष का उत्सव मना रहा है और एनएमडीसी राष्ट्र की औद्योगिक प्रगति की अग्रिम पंक्ति में गर्व के साथ खडा है। देश के सबसे बडे लौह अयस्क उत्पादक के रुप में एनएमडीसी जिम्मेदार खनन पद्धतियों के माध्यम से "विकसित भारत" के विजन को साकार करने और सीएसआर की सार्थक पहलों को सक्रिय रुप से अपनाकर एक मजबूत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है ।
एनएमडीसी
NMDC
जिम्मेवार खनन
वैज्ञानिक। सुस्थिर। खुशियां बिखेरते हुए
पंजीकृत कार्यालयः खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद - 500028 सीआईएनः L13100TG1958GOI001674
/nmdclimited nmdc.co.in

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सभी देशवासियों को
78वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
जय हिंद



"सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएँ। आइए, इस ऐतिहासिक अवसर पर अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को और सशक्त बनाएँ।"
- नरेन्द्र मोदी
हर घर तिरंगा फहराएँ और इसे राष्ट्रीय एकता, गर्व और प्रगति के रंगों से सजाएँ
तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने के लिए harghartiranga.com पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें
cbc 22201/13/0006/2425
• लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण प्रातः 6:30 बजे से दूरदर्शन नेटवर्क पर •



समस्त जिलेवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई

एवं शुभकामनाएं

जय हिंद


अमर जवान

-: विनीत :-

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल

शक्कर कारखाना पंडरिया, जिला-कबीरधाम







समस्त जिलेवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई

एवं शुभकामनाएं

-: विनीत :-

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना

राम्हेपुर, कवर्धा, जिला-कबीरधाम





समस्त जिलेवासियों को

स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई

एवं शुभकामनाएं



| श्री शशि कुमार | श्री आशीर्ष आर्य | श्री सुयशधर दीवान | श्री अनिल साहू | श्री अंकित पाण्डेय | श्री आशीर्ष आर्य |
|---|---|---|---|---|---|
| भा.व.से.वनमंडलाधिकारी कवर्धा | स.व.सं.उपवनमंडलाधिकारीकवर्धा | स.व.सं.उपवनमंडलाधिकारीपंडरिया | स.व.सं.उपवनमंडलाधिकारी स.लोहारा | व.क्षे.अधीक्षक भोरमदेव अभयारण्य कवर्धा | स.व.सं.उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन कवर्धा |

- श्री लक्ष्मीनारायण सोनी उ.व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, कवर्धा
- श्री मनीष सिंह व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, तरेगांव
- श्री अनुराम वर्मा व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, सहसपुर लोहारा
- श्री अनुराम वर्मा व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, खारा
- श्री प्रीतम नेताम व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, रेंगाखार
- श्री महेन्द्र कुमार जोशी व.क्षे.परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया पूर्व
- श्री सुनील सोनी उ.व.क्षे.परिक्षेत्र अधिकारी, पंडरिया पश्चिम
- श्री दिलीप ठाकुर उ.व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, भोरमदेव अभयारण्य कवर्धा
- श्री लाल सिंह मरकाम व.क्षे. परिक्षेत्र अधिकारी, भोरमदेव अभयारण्य चिल्फी
- श्री कीर्तन राम गांवरे व.क्षे.परिक्षेत्र अधिकारी, कवर्धा उत्पादन
- श्री प्रीतम नेताम व.क्षे.परिक्षेत्र अधिकारी, रेंगाखार उत्पादन
- श्री गणेशराम मरकाम व.क्षे. काष्ठागार अधिकारी, कवर्धा





वन्य प्राणियों की रक्षा करें

वनों को आग से बचायें

विनीत :- वन विभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम


संकलनकर्ता-भुवनलाल पटेल, ब्यूरोचीफ, कवर्धा, मोबाइल-98930-54291, 62677-90253

# श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रायपुर के द्वारा ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल नरदहा मे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन






पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंस के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल नरदहा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 13 अगस्त 2024 को किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका साहू, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आर श्रावणी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ स्मिताभ बारीक जूनियर रेसीडेन्ट डॉ. अब्दुर, डॉ. मिथिलेश मेडीकल सोशल वर्कर मनोज साहू ब्राइटन इटरनेशनल स्कूल के कांउसलर डॉ. शर्मीला स्कूल के शिक्षक तथा कक्षा 6वीं व 7 वीं के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुबह 11.30 से कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्रावणी द्वारा बालिकाओं के लिए मुख्यतः माहवारी स्वच्छता विषय पर जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि उम्र के साथ बालिकाओं में माहवारी का प्रारम्भ होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो 9 वर्ष के उम्र से प्रारम्भ हो सकती है, डॉ. श्रावणी ने बताया कि माहवारी चक्र व उनके अलग-अलग चरण के बारे में, साथ ही उन्होने बताया कि माहवारी के समय होने वाले दर्द एक सहज है, माहवारी के दौरान नैपकिन या स्वच्छ सूती कपड़ा उपयोग करना चाहिए तथा उपयोग के बाद उसे अच्छे से कूड़ेदान में डालना चाहिए। माहवारी को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियां, डर तथा माहवारी चक्र के मुख्य कारणों को बताया। अंत में बच्चों के सवालों के जवाब उन्होने दिया। समय 12.30 से कार्यक्रम के दूसरे भाग में अन्य असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. स्मिताभ बारिक द्वारा किशोर स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होने बताया कि किशोर अवस्था में बच्चों में शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक बदलाव होते है, हार्मोनल बदलाव के कारण बच्चों के चेहरे में तथा आकार में बदलाव होते है। साथ ही उन्होने बताया कि शारीरिक प्रताड़ना और गलत तरीके से छूना। साथ ही उन्होने बच्चों से संबंधित प्रताड़ना के कानूनी प्रावधान भी बताए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रियंका साहू ने बच्चों को गुड टच व बेड तच के बारे में बताया। उन्होने बेड टच में बच्चो को छूने के प्रकार बताये। उन्होने बताया बेड टच गलत तरीके से टच करना वाला कोई भी व्यक्ति हो सकता है, जिससे हम पहचानने की आवश्यकता है, तथा ऐसा महसूस होने पर अपने माता-पिता तथा स्कूल में अपने टीचर को बताना चाहिए। नहीं बताने पर यह कृत्य बढ़ते चला जाता है। कार्यक्रम के अंत में ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से स्पीकर डॉ. श्रावणी आर. डॉ. स्मिताभ बारिक व डॉ. प्रियंका साहू का मोमेंटो देकर सम्मान किया तथा इस महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान देने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# लाल किला समारोह में कृपा राठिया को मिला शामिल होने का अवसर

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com



बेला गांव की निवासी कृपा राठिया लाल किला के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) की तरफ से शामिल होने का अवसर मिला। हम सभी के लिए गर्व की बात की मिनिस्ट्री ऑफ माइंस की तरफ से देश भर से चुनिंदा औद्योगिक कंपनियों को बुलाया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ से बालको एकमात्र कंपनी है। देश भर के विभिन्न संस्थानों से 11 लोगों को इस समारोह में बुलाया गया जिसमें बालको, छत्तीसगढ़ की तरफ से से राठिया शामिल होगी। राठिया बालको के सामुदायिक विकास परियोजना मोर जल मोर माटी से जुड़ी हैं। परियोजना से जुड़कर इन्होंने कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। परियोजना की मदद से इन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय शुरू किया जिससे साल में 50 हजार की आमदनी होती है। 11 साल के बच्चे की मां राठिया काफी समय से परियोजना से जुड़कर सफल उद्यमी बनी तथा समुदाय की महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी हैं। आत्मनिर्भर महिला बनकर इन्होंने विकसित भारत की मिसाल पेश की है। मोर जल मोर माटी परियोजना 32 गांवों में 1800 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 4749 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। इस परियोजना के तहत 80त्न से अधिक किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया है जिसमें सिस्टमेटिक राइस इंटेंसीफिकेशन (एसआरआई), ट्रेलिस, जैविक खेती, जलवायु अनुकूल फसल, सब्जी और गेहूं की खेती आदि जैसी आजीविका बढ़ाने वाली गतिविधियों में लगे हुए हैं। किसान आजीविका के लिए कृषि के साथ पशुपालन, बागवानी और वनोपज जैसी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यों की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, जल एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, स्थायी आजीविका और पर्यावरण, संरक्षण में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है।

## नायब तहसीलदार ने अधिवक्ता से किया आपत्तिजनक बहस, न्यायालय के कार्यों से विरत

**सरायपाली।** नायब तहसीलदार राम लखन चौहान द्वारा सरायपाली अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा से आपत्तिजनक शब्दों में बहस किया गया, उक्त व्यवहार से आक्रोशित होकर सरायपाली अधिवक्ता संघ के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है कि जब तक इस मामले में संतोष जनक कार्यवाही नहीं हो जाती है तब तक समस्त अधिवक्ता । साथी तहसील कार्यालय में तहसीलदार न्यायालय के कार्यालयीन कार्यों से विरत रहेंगे।

# अर्बन नॉलेज एक्सपर्ट, महाप्रबंधक (आई.टी.), प्रोक्योरमेंट स्पेशलिस्ट और सीनियर मैनेजर (एच.आर.) के एक-एक पद हेतु नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

### आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मोर Raipur PEOPLE POWERED SMART CITY

नागरिक सुविधाओं को विस्तारित और सुदृढ़ करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड रिक्त पदों की पूर्ति करने जा रही है। रिक्त पदों के अंतर्गत अर्बन नॉलेज एक्सपर्ट, महाप्रबंधक (आई.टी.), प्रोक्योरमेंट स्पेशलिस्ट और सीनियर मैनेजर (एच.आर.) के एक-एक पद हेतु नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 27 अगस्त 2024 है। इसमें जहां राजधानी रायपुर सहित देश के कुशल विषय विशेषज्ञों को रोजगार का अवसर मिलेगा, वहीं विशेषज्ञों की नियुक्ति से शहरी विकास कार्यों को गति मिलेगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह संविदा आधारित नियुक्ति है, जिसमें पद अनुरूप 88,400/- से 1 लाख रुपए तक का वेतन देय होगा। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु सीमा सहित अन्य नियम शर्तों से संबंधित सभी जानकारियां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक वेबसाइट https://smartcityraipur.cgstate.gov.in/ के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन hr.rscl.raipur@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से 27 अगस्त सायं 6.30 बजे तक प्रेषित कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन दिवस पर मोबाइल नंबर 9827899855 पर भी संपर्क कर सकते है।

# रक्षाबंधन 2024: बादाम से मिलने वाली सेहत और अच्छाइयों के साथ भाई-बहन के रिश्ते का उत्सव मनायें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रक्षाबंधन से त्योहारों की शुरुआत होती है। यह भाई-बहन के प्यार का त्योहार है। इस दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं और भाई की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। बदले में, भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वादा करता है। हम इस त्योहार को और खास बनाने के लिए कुछ अच्छा काम भी कर सकते हैं। जैसे कि, हम रोजाना बादाम खा सकते हैं क्योंकि बादाम सेहत के लिए बहुत अच्छे होते हैं। त्यौहार और जश्न के दौरान ढेर सारे मीठे पकवान और अस्वास्थ्यकर स्नैक्स खाना आम होता है, इन्हें खाते वक्त हमें यह भी ध्यान नहीं रहता कि ये हमारी सेहत को कितना प्रभावित कर सकते हैं। शक्कर और तेल वाली चीजें ज्यादा खा लेने से सेहत बिगड़ सकती है, जैसे कि डायबिटीज, मोटापा और कार्डियोवैस्कुलर जैसी गंभीर समस्यायें हो सकती हैं। ऐसे में खाने की सही चीजों को चुनना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिये, जब आप त्यौहार की खुशी मनाने और अपने परिवार के लिये खास पकवान बनाने की तैयारी करें, तब उनमें बादाम जैसी सेहतमंद चीजों को शामिल करना भी सुनिश्चित करें। बादाम काफी पौष्टिक होती हैं। वे ब्लड शुगर लेवल्स को मैनेज करने, एलडीएल और टोटल कोलेस्ट्रॉल को कम करने, दिल की बढ़िया सेहत बनाये रखने और कुल मिलाकर तंदुरुस्ती में मदद कर सकती हैं। इसके अलावा, रिफाइंड शुगर की जगह नैचुरल स्वीटनर्स का इस्तेमाल करें और डीप-फ्राय चीजों के बजाए बेक की हुई चीजें चुनें। समझदारी से भरे यह फैसले करने से आप अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए अपने प्रियजनों के साथ जश्न का मजा ले सकते हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सोहा अली खान ने

# जिन्दल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड में एक्जीक्यूटिव्स के लिए हुआ आयोजन

### तनाव हमें बीमार कर रहा है... ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा जिन्दल स्टील एवं पावर लिमिटेड मन्दिर हसौद में तनाव मुक्त जीवन जीने की कला विषय पर वहाँ के एक्जीक्यूटिव्स के लिए व्याख्यान आयोजित किया गया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी दीक्षा दीदी ने कहा कि इस समय तनाव और अवसाद सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। यह तनाव मनुष्यों को बीमार कर रहा है। तनाव हमारी क्षमता को आधा कर देता है। आधुनिक जीवनशैली हमें दिनों दिन आध्यात्मिकता से दूर कर रही है। हम अपने निज स्वरूप को न जानने के कारण नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को भूलते जा रहे हैं। राजयोग मेडिटेशन हमें परिस्थितियों का सामना करने की शक्ति देता है। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य हमेशा सोचता है कि अमुक काम हो जाए फिर मैं सुखी हो जाउंगा। बस यह काम और हो जाए फिर कोई तनाव नहीं रहेगा। इसी उघेड़बुन में वह जिन्दगी के अनमोल क्षणों को व्यर्थ में गंवा देता है।

## शिव वर्मा बनाए गए डोंगरा हाई स्कूल अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी

**लवन।** कसडोल विधानसभा के लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरा स्थित शासकीय हाई स्कूल डोंगरा में भाजपा सरकार ने अपने अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति सूची जारी कर दिया गया है जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता डोंगरा निवासी शिव वर्मा को डोंगरा हाई स्कूल का वर्तमान अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बनाए गए हैं।जिससे उनके शुभचिंतको में अपार हर्ष निर्मित है।वंही कांग्रेस पार्टी के तरफसे जिन जिन विद्यालयो में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति सूची जारी किए गए हैं उनमें कई स्कूल के विधायक प्रतिनिधि ऐसे भी है जो पूर्व में पूर्व विधायक शकुंतला साहू के कार्यकाल में अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें पार्टी फिर मौका देने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आ ेश व्याप्त है।जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी तेज होता हुआ नजर आ रहा है।कांग्रेस पार्टी के कुछ चाटुकार कार्यकर्ताओ ने गुमराह कर सूची में नाम जोड़वाए होंगे इनसे इंकार नहीं किया जा सकता है जो तूल पकड़ता हुआ दिख रहा है ।ऐसे में कांग्रेस विधायक व पार्टी के लिए नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मना पाना मुश्किल हो सकता है समय रहते दोबारा मौका देने वाले हाई स्कूल के विधायक प्रतिनिधियो को नहीं हटाया गया तो निश्चित ही पार्टी के लिए नुकसानदेह हो सकता है।आपको बताते चलें कि खैदा, डोंगरा, सहित करदा में जिन विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति हुई है वह पूर्व विधायक शकुंतला साहू के कार्यकाल में भी अध्यक्ष मनोनीत किये गए हैं ।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला महासमुंद (छ.ग.)

Email iD- cmonppsaraipali@gmail.com

क्रं./524/नं.पा.प./लो.नि.वि./2024-25 सरायपाली, दिनांक 12.08.2024

### // मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगरपालिका परिषद सरायपाली क्षेत्रान्तर्गत 15 वें वित्त आयोग मद अंतर्गत उक्त कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति से रजिस्टर्ड/ पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रपत्र 'अ' अंतर्गत प्रचलित एसओआर CG PWD Building/road SOR w.e.f. 01.01. 2015 & PHE SOR 01-06.2020 Amendment 18. 04.2023 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि-- 27.08.2024 समय 02.00 बजे अपरान्ह तक।
2. निविद प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि- 05.08.2024 समय 04.00 बजे अपरान्ह तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि- 05.09.2024 समय 03.00 बजे तक।
4. प्रस्तुत निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 05.09.2024 समय 04.00 बजे अपरान्ह से ।

| क्र. | कार्य विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 दुर्गा मंच के पास स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 9.21 | 6950/- | 750/- | 03 माह |
| 2 | वार्ड क्र 05 आमापारा एवं खर्रापारा के पास स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 18. 41 | 13850/- | 750/- | 03 माह |
| 3 | वार्ड क्र 06 इस्लाम मोहल्ला में स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 9. 21 | 6950/- | 750/- | 03 माह |
| 4 | वार्ड क्र 07 आंगनबाड़ी एवं मवेशी बाजार के पास स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 18. 41 | 13850/- | 750/- | 03 माह |
| 5 | वार्ड क्र 09 चर्च मोहल्ला में स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 9. 21 | 6950/- | 750/- | 03 माह |
| 6 | वार्ड क्र 14 गोड़पारा एवं लोहारपारा में स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 18. 41 | 13850/- | 750/- | 03 माह |
| 7 | वार्ड क्र 15 कैलाश गली में स्टील पानी टंकी स्थापित कार्य। | 9. 21 | 6950/- | 750/- | 03 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https ://uad.cg.gov.in/ से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**टीप-** निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली


# कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में संविधान यात्रा निकाली

- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर में आयोजित संविधान यात्रा में शामिल हुए
- भाजपा संविधान बदलना चाहती है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आजादी की 77वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला संगठन मुख्यालयों में संविधान की पुस्तक, तिरंगा झंडा एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर की तस्वीर रखकर संविधान यात्रा निकाली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर में आयोजित संविधान यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान को बदलना चाहती है। कांग्रेस संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। बाबा साहब के लिखे संविधान से हर वर्ग के मौलिक अधिकारों की रक्षा हो रही है सत्ता से सवाल पूछने का अधिकार मिला है। मोदी सरकार बनने के बाद हर वर्ग के कानूनी अधिकार को खत्म करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 400 सीट का दावा इसीलिए किया था ताकि यह पूर्ण बहुमत में आए और आजादी के बाद लिखे संविधान को बदलकर मनमानी कर सके। भाजपा को सामाजिक न्याय से नफरत है। भाजपा की मंशा एसटी एससी ओबीसी को मिले आरक्षण के अधिकार को भी खत्म करने का है। भाजपा के इस षड्यंत्र को लगातार कांग्रेस पार्टी उजागर कर रही है। भारत के संविधान के कारण इस देश में एकता और अखंडता कायम है और मोदी सरकार के अन्याय के खिलाफदेश का संविधान ही हर वर्ग की रक्षा कर पा रहा है। हमारा संविधान ही हमारी पहचान है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का तिरंगा यात्रा दिखावा मात्र है, ढोंग है, पाखंड है। भाजपा के पित्र संगठन ने तिरंगा को अपशकुन बताया था। 52 साल तक आरएसएस के मुख्यालय में तिरंगा नहीं फहरा, ना ही संघ की शाखाओं में तिरंगा लहराता है। नागपुर के संग कार्यालय में जब तीन युवाओं ने तिरंगा फहराया आरएसएस के नेताओं ने तिरंगा फहराने वाले युवाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। गुलामी के दौर में देशवासियों ने तिरंगा हाथ में पड़कर अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन किया था और आजादी के बाद देश में हर वर्ग आजादी दिवस मनाता है तिरंगा फहराता है सिर्फ आरएसएस ही तिरंगा से दूरी बनाकर रखी हुई थी।


## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G)

### e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 13/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No157253 Registered contractor class in "C" & above For Form "B" (Item Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR PROVIDING & FIXING NEW L.E.D. STREET LIGHT FROM VIDHANSABHA JUNCTION TO MANDIRHASOUD JUNCTION AT RING ROAD No. 03, RAIPUR (TOTAL LENGTH -17.5 K.M.) | Rs 159.40 Lacs |
| 14/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No 157308 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (percentage Rate Tender) | PROVIDING AND FIXING LED STREET LIGHT IN THE RAJNANDGAON - DONGARGAON CHOWKI FOURLANE ROAD AT DONGARGAON DIST;- RAJNANDGAON (C.G.) | Rs 92.00 Lacs |
| 15/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No 157348 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE FOR SR/ MOW/ OW/ DEPOSIT GENERAL SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) WORK & ELECRIFICATION SUPPLYING INSTALLATION TESTING & COMMISSIONING & MAINTENANCE OF AC, LED, PROJECTOR, CC TV CAMERA, WATER COOLER, RO & COOLER IN GOVT RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER PWD E/M SUBDIVISION GARIYABAND (C.G.) | Rs 30.02 Lacs |
| 16/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No157527 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W./ S.R./ O.W/ DEPOSIT WORK/ GENERAL E/F WORK IN HIRAPUR & KABIR NAGAR SECTION UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 63.000 Lacs |
| 17/SE E/M/2024-2025 (I Call) System Tender No157526 Registered contractor class in "D" & above For Form "A" (Percentage Rate Tender) | NIT SCHEDULE M.O.W./ S.R./ O.W/ DEPOSIT WORK/ GENERAL E/F WORK IN SCINE COLLEGE & AYURVEDIC COLLEGE SECTION UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 52.000 Lacs |

Note:- last date of bid submission of NIT 13/14/15 will 27-08-2024 & NIT 16/17 will 29-08-2024
The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in.Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

G-242501833/8



## JITF INFRALOGISTICS LIMITED

CIN - L60231CT2008PLC016434
Regd. Office: A-11 (7), Udya Society, Sector-3, Tatibandh, Dharsiwa, Raipur- 492099, Chattisgarh
Corp. Office: Jindal ITF centre, 28, Shivaji Marg, New Delhi- 110015

JINDAL

### EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2024

(₹ Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone Quarter Ended 30.06.2024 Unaudited | Standalone Quarter Ended 31.03.2024 Refer Note 1 | Standalone Quarter Ended 30.06.2023 Unaudited | Standalone Year ended 31.03.2024 Audited | Consolidated Quarter Ended 30.06.2024 Unaudited | Consolidated Quarter Ended 31.03.2024 Refer Note 1 | Consolidated Quarter Ended 30.06.2023 Unaudited | Consolidated Year ended 31.03.2024 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 83.77 | 75.63 | 85.73 | 320.81 | 67,000.17 | 90,904.54 | 67,437.35 | 333,624.71 |
| 2 | Net Profit/(loss) before tax and share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items | 6.62 | 3.78 | 10.13 | 22.99 | 4,242.30 | 2,809.33 | 785.56 | 13,045.51 |
| 3 | Net Profit/(loss) before tax and after share of profit/(loss) of joint venture and exceptional items | 6.62 | 3.78 | 10.13 | 22.99 | 4,245.45 | 4,708.65 | 790.32 | 14,955.18 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional items) | 4.96 | 2.82 | 7.57 | 17.19 | 2,311.93 | 4,095.21 | (574.62) | 9,082.33 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 5.20 | 3.77 | 7.57 | 18.14 | 2,401.32 | 4,613.34 | (575.35) | 9,641.19 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 | 514.07 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as at Balance Sheet date | | | | 31,528.69 | | | | (56,063.28) |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹ 2/- each)(*Not annualised) | | | | | | | | |
| | (1) Basic (₹) | 0.02* | 0.01* | 0.03* | 0.07 | 3.75* | 12.67* | (5.81)* | 13.78 |
| | (2) Diluted (₹) | 0.02* | 0.01* | 0.03* | 0.07 | 3.75* | 12.67* | (5.81)* | 13.78 |

Note:
1. The figures for the quarter ended March 31, 2024 are the balancing figures between the audited figures for the financial year ended March 31, 2024 and the published unaudited figures for the nine months ended December 31, 2023.
2. The above is an extract of the detailed format of Standalone and Consolidated financial results for the quarter on 30th June, 2024 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated results for the quarter ended on 30th June, 2024 are available on the websites of stock exchanges (www.nseindia.com/www.bseindia.com) and on the Company's website (www.jindalinfralogistics.com).

On behalf of Board of Director of JITF Infralogistics Limited
Sd-
Amarendra Kumar Sinha
Whole Time Director
DIN : 08190565

Place : Raipur
Date : August 14, 2024


## पी. दयानंद पॉवर कंपनी में फहराएंगे तिरंगा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के चेयरमेन पी. दयानंद डंगनिया स्थित मुख्यालय परिसर में 15 अगस्त को सुबह 7.45 बजे तिरंगा फहराएंगे। इस मौके पर सुरक्षा एवं सर्तकता विभाग व्दारा मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही विद्युत के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए विद्युतकर्मियों को राज्य स्तर एवं मुख्यालय स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर प्रबंध निदेशकगण एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला एवं भीम सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।


## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

### कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| रामगोपाल चतुर्वेदी, मीनू चतुर्वेदी खाता सं. LNRAI01217-180065087 | 6 जून 2024 ₹ 327390/- बकाया दिनांक 4 जून 2024 | खसरा नं. 20 का भाग, स्थित भाठागांव, पी.एच.नं. 105/47, आरएनएम-रायपुर-1, वार्ड नं. 63, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, तहसील व जिला : रायपुर, सी.जी. क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 12 अगस्त 2024 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 15-08-2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# जनदर्शन के दौरान दिव्यांग छात्रा को क्लब फूट के लिए 25 हजार रूपए का मिला चेक

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 149 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम नगपुरा के निवासियों ने रसमड़ा अंडर ब्रिज से लेकर अंजोरा तक की जर्जर सड़क को मरम्मत कराने आवेदन दिया। रसमड़ा रेलवे क्रासिंग के पास बने अंडर ब्रिज सड़क में जगह-जगह गढ्ढे होने के कारण प्रतिदिन दो पहिया चालक गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, चूंकि रसमड़ा में कम्पनी स्थापित है, जिसके कारण लोगों का सड़क मार्ग से आना-जाना लगा रहता है। इस पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

डिपरापारा निवासी ने मोर मकान मोर आस योजना के तहत मकान आबंटन का दस्तावेज दिलाने के लिए आवेदन दिया। आवेदिका को पोटियाकला दुर्ग में आवास आबंटित हुआ है, जिसकी प्रथम किश्त की राशि जमा की जा चुकी है, लेकिन निगम द्वारा आवास आबंटन का कोई भी दस्तावेज नही दिया गया है। दस्तावेज के अभाव में मकान में विद्युत मीटर कनेक्शन नही लग पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। ग्राम पंचायत विनायकपुर के सरपंच ने बताया कि पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में पांच कक्षाएं संचालित है। यह स्कूल प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत संचालित है। यहां बच्चों की संख्या अधिक और शिक्षकों की संख्या कम होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चों के भविष्य को देखते हुए उन्होंने स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की मांग की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही करने कहा। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से दृष्टिहीन जय माँ सरस्वती जनकल्याण सेवा समिति ( रितिक ठाकुर) को संगीत वाद्ययंत्र आक्टोपेड प्रदान किया गया है। इस समिति द्वारा जनजागरण हेतु विभिन्न स्थानों पर भजन कीर्तन गीत संगीत के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता है। इसी प्रकार कुमारी तनवी गुप्ता जो स्वामी आत्मानंद विद्यालय दीपक नगर दुर्ग में कक्षा दूसरी की दिव्यांग छात्रा है, तथा आर्थिक रूप से कमजोर होने के फ्लस्वरूप समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक सहयोग के रूप में क्लब फूट क्रय करने हेतु राशि 25 हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही भिलाई-दुर्ग निवासियों सैय्यद फुरकान आलम, कुमारी सुमन साहू, कल्पना जायसवाल को व्हील चेयर तथा दृष्टि बाधित छात्रा कुमारी गरिमा लहरे को अध्ययन हेतु ब्रेल कीट प्रदान किया गया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, अवैध कब्जा सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन के दौरान एडीएम अरविंद एक्का, एसडीएम छावनी हितेश पिस्दा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# संभागीय धीवर समाज संभाग बिलासपुर की बैठक संपन्न

## विधायक ब्यास कश्यप ने धीवर समाज को 4 साल में 40 लाख देने घोषणा की

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



संभागीय धीवर समाज बिलासपुर संभाग पंजीयन क्रमांक 134 महासभा, रेंज एवं केन्द्र पदाधिकारियों की एक दिवसीय संयुक्त कार्यकारिणी बैठक 11 अगस्त दिन रविवार को केरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्यास कश्यप विधायक जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र व शेषराज हरवंश विधानसभा पामगढ़, विशिष्ठ अतिथि राघवेंद्र सिंह जिला पंचायत उपाध्यक्ष वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे संजू भीष्म अध्यक्ष धीवर समाज महासभा। अतिथियों द्वारा भगवान रामचंद्र की तैल चित्र पट पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। पामगढ़ विधायक ने अपनी भाषण में धीवर समाज को अपना सहयोगी बताई और भूरी भूरी प्रशंसा करतें हुए धीवर समाज के लोहर्सी रेंज में भवन देने की वादा किया। जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने धीवर समाज को श्रीराम चंद्र की अनुयायी बताते हुए विधायक ने धीवर समाज को भवन के लिए अपने विधानसभा क्षेत्र के धीवर समाज को चार साल में 40 लाख देने की घोषणा किया। अतिथियों का आभार प्रगट समाज के पदाधिकारियों ने किया। तत्पश्चात धीवर समाज के नियमावली संशोधन की प्रक्रिया शुरू किया वहीं शाम 4 बजे से पुनः भवन में सामाजिक गतिविधियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई जो देर रात तक चली। जिसके पश्चात उपस्थित स्वजातीय बंधुओं के लिए रात्रि का भोजन व्यवस्था रखी गई थी। महासम्मेलन में पूर्व पदाधिकारियों की कार्यप्रणाली पर विशेष चर्चा हुई और आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर संक्षिप्त चर्चा हुई! इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष देवव्रत भीष्म, उपाध्याय जगदीश धीवर, महासचिव वेदप्रकाश धीवर, कोषाध्यक्ष महाबीर धीवर, सहसचिव बंशीलाल धीवर, विधिक सलाहकार सुनीता धीवर, पांचो रेंज अध्यक्ष भागीरथी धीवर, अमृतलाल धीवर, भुनेश्वर धीवर, विशेषर धीवर, अनिल धीवर एवं समस्त केंद्र के पदाधिकारियों के साथ साथ भरत लाल धीवर,आर. एल. धीवर एस डी ओ, घनश्याम धीवर सेवानिवृत भु अधीक्षक, चैत राम धीवर, नवीन धीवर युवा संगठन अध्यक्ष धीवर समाज, ताराचंद धीवर, रामबनवास धीवर, पुरूषोंत्तम धीवर सहित बड़ी संख्या में धीवर समाज के लोग उपस्थित थे।

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत धीवर समाज के अध्यक्ष संजू भीष्म के अध्यक्षता में 11 अगस्त दिन रविवार को दोपहर 3 बजे से चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट के समीप 351 वृक्ष जिसमें आम, पीपल, बरगद, बादाम, नीम, अमरूद आदि पेड़ सामाजिक बंधुओ एवं अतिथियों के द्वारा लगाया गया।

# गायों की लाशें सड़क में बिछी मिलीं, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दोषियों पर कार्यवाही की मांग की

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com



कोसमंदी गातापार मार्ग में हैरत में डालने वाला नजारा देखने में आया है। मंगलवार की सुबह कोसमंदी गातापार मार्ग में 22 गायों की लाशें सड़क में एक के ऊपर एक बिछी मिली। बेहद बर्बरतापूर्वक मृत गायों को सड़क में फेंक दिया गया था,जो अत्यंत ही अमानवीय कृत्य है। 22 बेजुबानों की मौत को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में अनुभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौप कर दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग किया जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो कहा लगातार गौ वंश ही मौत हो रही है गायों को सड़को पर छोड़ा जा रहा है यह केवल अकेली घटना नहीं है. गौ रक्षा की जाप जपने वाली भाजपा सरकार के शासनकाल में लगातार कई मवेशियों की मौत हो रही है. कहीं गौ तस्करों और माफ़ियों का अत्याचार का मामला सामने आ रहा है. मवेशी तस्करों का अत्याचार इस कदर बढ़ चुका है कि बेजुबानों को भूखे-प्यासे, कीचड़ो में रखकर उन्हे तड़पाकर उन पर अत्याचार किया जा रहा है, जिससे उनकी मौत हो जा रही हैवानियत की हदें पार करने वाले दोषियों पर क्रुर पशु अधिनियम के तहत कार्यवाही विष्णुदेव सरकार को करनी चाहिए. गौ-रक्षा के नाम पर प्रदेश की जनता से झूठ कहने और छलने वाली भाजपा सरकार हजारों गौ-हत्या की जिम्मेदार है प्रदेश की भाजपा सरकार गौ-माता के नाम पर तुच्छ राजनीति का खेल कर रही है, जिसे प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। अभी तक भाजपा सरकार द्वारा गौ वंश रक्षा के लिए कोई ठोस पहल करने में पूरी तरह विफ्ल दिखाई दे रही है।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत मैराथन दौड़ का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं ने मैराथन दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ के माध्यम से तिरंगा ध्वज सम्मान, देशभक्ति, राष्ट्रीयता का दिया संदेश। चंद्रकुमार पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन टीम को किया रवाना। प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता धावकों को स्वतंत्रता दिवस पर किया जाएगा सम्मानित। एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह की सहृदयता एवं सक्रियता से काफी प्रभावित हुए प्रतिभागी धावक जिला कलेक्टर महासमुन्द विनय कुमार लंगेह के कुशल निर्देशन एवं एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान में वृद्धि हेतु स्वतंत्रता सप्ताह (09-15 अगस्त 2024) के दौरान 14 अगस्त को हर घर तिंरगा मैराथन दौड़ का आयोजन में शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। मैराथन दौड़ को चंद्रकुमार पटेल (अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद ) द्वारा एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह,तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल, नायब तहसीलदार रामलखन चौहान, सीएमओ अशोक शर्मा, बीईओ प्रकाश चन्द्र मांझी ,एबीईओ डी.एन.दीवान, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल,उप निरीक्षक असरार अली आदि की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हर घर तिरंगा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु एक सकारात्मक पहल करते हुए हर घर तिंरगा कार्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ को सफल बनाने ब्लॉक के समस्त पी.टी.आई., एनसीसी कैडेट्स, स्काउट- गाइड का खूब योगदान रहा। प्राचार्य जगदीश पटेल,मनोज पटेल, सहा.वि.खं.क्रीड़ा प्रभारी लखेश्वर भोई, पीटीआई डॉ शुभ्रा डडसेना, एनसीसी फर्स्ट ऑफिसर जोगीलाल पटेल,स्काउट - गाइड संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी,महेश नायक,शैलेन्द्र कुमार नायक।

# नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत रैली निकाली गई




पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में शासन के निर्देशानुसार एवं जिला एनएसएस प्रभारी मालती तिवारी एवं प्राचार्य प्रेमानन्द भोई के मार्गदर्शन व एनएसएस प्रभारी कृष्ण कुमार नायक के नेतृत्व में एनएसएस स्वयं सेवकों, छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं गणमान्य पालक बंधुओं एवं मातृ शक्ति द्वारा नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत रैली निकाली गई । शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला दुलारपाली शंखलाल जगत थे, अध्यक्षता व्याख्याता डी एल पोर्ते ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी शिक्षक नायक ने कहा की नशा नाश है खुद का, घर का,समाज का और देश का इसलिए इससे दूर रहना ही अच्छा है। तत्पश्चात समवेत स्वर में उपस्थित समस्त जनों के साथ शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने नशामुक्त रहने एवं दूसरों को भी नशामुक्त रहने के लिए प्रेरित कर नशामुक्त भारत का निर्माण करने का शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम को डी एल पोर्ते, शरद बाघ, कविता पटेल ,द्रुपत पटेल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अमित चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गौरव एवं एकता का प्रतिक तिरंगा झंडा : दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत बेमेतरा में विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए द्य विशाल तिरंगा यात्रा मे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के तीनो मण्डल बेरला, भीमभौरी,बेमेतरा के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता शामिल हुए द्य भव्य तिरंगा रैली विधायक कार्यलय से प्रारम्भ होकर जय स्तंभ चौक से होते हुए भारत माता चौक, नवीन बाजार, गौरव पथ, शहरी क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजारों से गुजरते हुए पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त हुई द्य जय स्तंभ चौक पर देश के शहीद वीर बालिदानी सपूतो को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया द्य इस दौरान भारत माता की झांकी, गाजे -बाजे,डीजे, फटाके आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओ ने नगर भ्रमण किया द्य तिरंगा यात्रा के दौरान रास्ते मे भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा भारत माता की जय, वन्देमातरम, इंकलाब जिंदाबाद के जयघोष के साथ गुंजयमान कर दिया द्य भव्य तिरंगा यात्रा में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए द्य इस दौरान तिरंगा यात्रा के संभाग प्रभारी पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल भी रहे मौजूद द्य हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने विशेष तिरंगा यात्रा निकाली गई । इस दौरान विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की हमारे देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायतो मे घर घर तिरंगा पहुंचाने तक पदयात्रा एवं बाइक रैली के माध्यम से भाजपा पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओ द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज बेमेतरा विधानसभा स्तरीय विशाल तिरंगा बाइक रैली निकालकर लोगो को देश प्रेम के लिए प्रत्साहित किया गया।

# ग्राम संत पाली में नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन जिला पंचायत सभापति ने फीता काटकर किया

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



विकास खंड बसना के ग्राम संत पाली में नवनिर्मित आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन जिला पंचायत सभापति नोवीना अमृत जगत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ने अपने उद्बोधन पर कहा की बड़ी अच्छी बात है इस ग्राम पंचायत में तीन-तीन आंगनवाड़ी केंद्र हैं आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने से गांव के वंचित बच्चों को अब बेहतर सुविधा मिलेगी साथ ही उनका भविष्य भी उज्जवल होगा। उन्होंने आगे कहा आंगनबाड़ी केंद्र में कमरे का विद्युतीकरण, शौचालय, बच्चों के खेलने के लिए खिलौने, किताब, खेल सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधा मुहैया कराई जाएगी ताकि इस केंद्र के अंदर बच्चों के बचपन का सही तरीके से विकास हो सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सुरेश निषाद सचिव सारथी बेहरा, पर्यवेक्षक कु. निशा बघेल , भगवान प्रसाद सेठ, देव कुमार सिदार, कौशल कुमार करसल, शोभन सिंह राय, घनश्याम साहू, रेखा चौहान, लुमती चौहान ,राजिम चौहान, प्रीति भोई, मायावती चौहान, रूपलाल चौहान, उपेंद्र चौहान, मलिक चौहान, हुसैन साहू, दयालाल चौहान एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विसर्जन कुंड में ही डाले विसजर्न सामाग्री सहयोग की अपील

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जल जंगल जमीन के संरक्षण के लिए संघर्षरत संगठन सहयोग बेमेतरा हर प्रकार के प्रशासनिक, राजनीतिक संबंधों से दूर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रातः का एक घंटा अपने शहर बेमेतरा के पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता,और हरियाली को बनाए रखने के लिए कभी तालाबो में कभी मुक्तिधाम में कभी चौक चौराहों में कभी देवालयों में अपना अभियान चलाती है।

सहयोग विगत दसको से लोगो से अपील करती आई है कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता पर ध्यान दे परंतु गांधारी की तरह आखों में पट्टी बांधी हुई आम जनता के दिल और दिमाग मे गंदगी में रहना स्वीकार है और सिर्फ प्रसासन को कोसना ही इनका मुख्य उद्देश्य रह गया है।

सहयोग बेमेतरा ने शहर के मुख्य तालाबो में विसर्जन कुंड लगाए है जिनका समय समय पर सफाई संस्था करते रहती है,सावन का महीना आने से विसर्जन कुंड को सप्ताह में एक बार खाली करना पड़ रहा है।आज इसी अभियान के तहत सहयोग माँ भद्रकाली मंदिर तालाब की पचरी में रखे कुंड की सफाई के लिए गए परंतु वर्षा के पानी की वजह से सरोवर लबालब हो गए है जिससे विसर्जन कुंड भी पानी मे समाए हुए है जिसकी सफाई सहयोग के सदस्यों के लिए एक चुनौति पूर्ण था परंतु सदस्यों के जज्बे समर्पण और संगठनात्मक एकता के सामने सारी चुनौती फेल हुई पाँच फिट ऊँचाई तक के पानी मे सदस्यों का जाना असंभव सा था क्योंकि सहयोग के अधिकांश सदस्यों को तैराकी नही आती इसलिए जुगाड़ से उस कुंड की सफाई की गई लोहे की सीढ़ियों के सहारे कुंड तक पहोचा गया फिर धीरे धीरे कुंड से कचरे को धमेला टब के सहारे बाहर निकाल कर विसर्जन कुंड को लोगो की पहोच में रखा गया इस कार्य मे सहयोग के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय एवं साहस भरा रहा।

## आल इंडिया लिनेश क्लब प्रेरणा द्वारा प्रतिभा सम्मान



**रायपुर।** आल इंडिया लिनेश क्लब प्रेरणा की चेयर पर्शन उमा तिवारी के द्वारा बच्चो को प्रतिभा सम्मान दिया गया ख्याति साहू झरना साहू रिमझिम राजपूत राज्य में स्वामी आत्मा नन्द विधालय की बलिकाओ ने मिलेट द सुपर फूड के तहत प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिये प्रतिभा समान से समानित किया गया इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष विनोद राघव सचिव रामेशवरी साहू कोषाध्यक्ष निधि बनाफर एवं शारदा तिवारी रश्मि तामर्कर शशि तिवारी कनकलता मिश्रा आरती साहू मुमताज रवानी जयोति तिवारी उरवशी दास व सदस्य गण उपस्थित हुए ।

**भारत का विभाजन देश के लिए किसी विभीषिका से कम नहीं था, यह एक साजिश थी कि देश को धर्म के आधार पर दो टुकड़ों में बांट दिया गया - विजय बघेल**

# 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर हुआ संगोष्ठी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com





शहर के मराठा मंगल भवन में विभाजन विभीषिका को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल, कार्यक्रम के अध्यक्ष रामचंद्र हिरवानी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पिंकी शिवराज शाह, रंजना साहू, इंदर चोपडा, श्रवण मरकामकी उपस्थित हुए । दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि 14 अगस्त 1947 की तारीख एक तरफ200 वर्षों की गुलामी के बाद आजादी मिलने वाली थी तो वहीं दूसरी ओर देश के धर्म के आधार पर दो टुकड़े हो रहे थे। कोरोडो लोग इधर से उधर हो गएण् घर.बार छूटाण् परिवार छूटा। संपत्ति छूटी लाखों की जानें गईं। बलात्कार हिंसा की घटनाएं हुई यह दर्द था, विभाजन का यह विभीषिका से कम नहीं था.दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि अब हर साल स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के तौर पर याद किया जाएगा। देश का विभाजन कैसे हमारे लिए विभीषिका बनी यह स्मरण करने का दिन है देश की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा सही गई यातना और वेदना का स्मरण दिलाने के लिए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मना रहे है। बघेल ने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे करोड़ी बहनों.भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और लाखों को अपनी जान गंवानी पड़ी। विभाजन के कारण हुई हिंसा और नासमझी में की गई नफरत से करोड़ों लोग विस्थापित हो गए और कई ने जान गंवा दी। उन लोगों के बलिदान और संघर्ष की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किए जाने का दिन है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, सामाजिक विभाजन, वैमनस्यता के जहर को दूर करने और एकता, सामाजिक सद्भाव और मानव सशक्तीकरण की भावना को और मजबूत करने की जरूरत की याद दिलाए। यह दिन हमें भेदभाव,वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन ने पाकिस्तान को 14 अगस्त 1947 में भारत के विभाजन के बाद एक मुस्लिम देश के रूप में मान्यता दी थी। करोड़ों लोग विस्थापित हुए थे और बड़े पैमाने पर दंगे भड़कने के चलते कई लाख लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले ब्रिटिश हुकूमत से आजादी के लिए भी लाखों भारतीयों ने कुर्बानियां दी थीं। 14 अगस्त 1947 की आधी रात भारत की आजादी के साथ देश का भी विभाजन हुआ और पाकिस्तान अस्तित्व में आया। विभाजन से पहले पाकिस्तान का कहीं नामो-निशान नहीं था। अंग्रेज जा तो रहे थे, लेकिन चंद नेताओ के साथ टेबल में भारत के विभाजन की साजिश रची गई उनकी साजिश का लाफल था कि भारत को बांटकर एक अन्य देश खड़ा किया गया।

# छत्तीसगढ़ बीएसएफ कर्मचारी परिवार ने किया शहीद जवान को सहयोग हेतु अनोखी पहल



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा निवासी व बीएसएफ के जवान प्रयागराज तिवारी, किशनगंज बटालियन में पदस्थ था। जो बीते दिनों शाहिद हुए है। जिन्हें बेमेतरा पहुंच बीएसएफ के जवानों ने परिजनों के बीच स्थानीय मुक्तिधाम बेमेतरा में सलामी देकर अंतिम विदाई दिए थे।वही तेरहवीं के दिन श्रद्धांजलि देने बीएसएफके जवान शहीद हुए प्रयागराज के घर पहुंचे और उनकी माता के हाथो में पूरे बीएसएफ कर्मचारी संगठन की ओर से एक लाख 75 हजार रुपए की आर्थिक मदद किए। बीएसएफ जवान ने बताया कि देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल बीएसएफमें सेवा दे रहे छत्तीसगढ़ के जवानों और उनके परिवारो द्वारा एक अनोखी पहल की जा रही है। जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य के बीएसएफ कर्मचारी सभी मिलकर छत्तीसगढ़िया बीएसएफ कर्मचारी परिवार के नाम से एक वॉट्स ऐप ग्रुप बनाये है।

# मैं बड़भूम आता हु तो मुझे लगता है मैं अपने गांव आया हूं : केदार कश्यप

## मंत्री केदार ने गुरूर ब्लॉक के ग्राम बड़भूम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण, अनेक विकास कार्यों की दी सौगात






पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

मैं बड़भूम आता हु तो मुझे लगता है मैं अपने गांव आया हूं, आपने जो ऐतेहासिक स्वागत किया है उसके लिए दिल से आभारी हूं। ये कहना है प्रदेश के कद्दावर मंत्री केदार कश्यप का। मौका था ग्राम बड़भूम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण का। जहां उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर विकास कार्यों के सौगातों की झड़ी लगा दी। प्रदेश के वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मनुष्य के विकास के लिए व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। इसके साथ ही जीवन में आगे बढ़ने तथा शिखर को स्पर्श करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी अत्यंत आवश्यक है। केदार कश्यप ने कहा कि संस्कारों से सपंन्न व्यक्ति जीवन में आने वाले अनेक उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख, कष्टों एवं विपत्ति को सहन करते हुए जीवन में उपलब्धि हासिल करता है। मंत्री केदार कश्यप जिले के गुरूर ब्लॉक के सुदूर वनांचल के ग्राम बड़भूम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष के लोकार्पण समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने फीता काटकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम के अतिरिक्त कक्ष का विधिवत् लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली छात्रों संग शाला परिसर में पौध रोपण भी किया।

### कृषि संकाय प्रारंभ करने का दिया आश्वासन

समारोह में मंत्री केदार कश्यप ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर बड़भूम एवं आसपास के अंचल के लिए अनेक सौगात दी। इसके अंतर्गत उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम में सुगम यातायात हेतु सीसी रोड तथा विद्यालय परिसर में सायकल स्टैंड का निर्माण करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने स्कूली शिक्षा मंत्री से चर्चा कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम में कृषि संकाय प्रारंभ कराने का भी आश्वासन दिया। इसके साथ ही ग्राम दमकसा से पेटेचुवा मार्ग का निर्माण, ग्राम बड़े भेजा में सिंचाई हेतु जलाशय निर्माण के अलावा ग्राम बड़भूम में शीतला मंदिर निर्माण करने के साथ-साथ ग्राम बड़भूम स्थित आदिवासी कन्या छात्रावास तथा पूर्व माध्यमिक शाला में पेयजल की समुचित उलब्धता सुनिश्चित कराने की भी घोषणा की। इस अवसर पर मंत्री ने पूर्व में आदिवासी उपयोजना में शामिल गुरूर ब्लॉक के 12 गांव को पुनः आदिवासी उपयोजना में शामिल करने हेतु विभागीय मंत्री से चर्चा कर समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने धमतरी जिले के गंगरेल बाँध से तांदुला लिंक नहर योजना के निर्माण हेतु भी शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येंद्र साहू एवं ललिता पेमिन साहू, जनपद सदस्य संध्या साहू, आदित्य पिपरे, दुर्गानंद साहू, कौशल साहू, ग्राम पंचायत बड़भूम के सरपंच बल्लाराम कुंजाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम प्राची ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मंत्री केदार ने घर घर तिरंगा लगाने की अपील की

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बड़भूम आगमन के दौरान ग्राम बड़भूम वासियों से मिले प्यार, स्नेह एवं मान-सम्मान तथा उनके द्वारा किए गए। स्वागत एवं अभिनंदन से वे बहुत ही अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम बड़भूम में पहुँचने के बाद उन्हें अपने परिवार के बीच पहुँचने जैसा लगता है। केदार कश्यप ने कहा कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़भूम में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण होने से हमारे विद्यार्थियों को बहुत बड़ा सौगात मिला है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हो जाने से विद्यार्थियों को कक्षा में बैठकर पढ़ाई करने में किसी प्रकार की असुविधा नही होगी। केदार कश्यप ने कार्य म में उपस्थित लोगों एवं आम जनता से 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर अनिवार्य रूप से ध्वजा रोहण करने की भी अपील की। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अपने-अपने घरों में अनिवार्य रूप से पौध रोपण कर अपनी माता की भाँति उसका समुचित देखभाल सुनिश्चित करने को कहा।

### समूह की महिलाओं ने किया मंत्री को उत्पाद भेंट

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने वन मंत्री केदार कश्यप के द्वारा ग्राम बड़भूम तथा वनांचल क्षेत्रों के विकास हेतु किए गए अनेक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उसकी भूरी-भूरी सराहना की। कार्य म को संबोधित करते हुए नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव ने वनमंत्री केदार कश्यप के पिता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. बलिराम कश्यप के द्वारा ग्राम बड़भूम एवं आसपास के अंचल के विकास हेतु किए गए विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम बड़भूम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण एवं अंचल में हुए अनेक विकास कार्य पूर्व मंत्री स्व. बलिराम कश्यप की देन है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बड़भूम के सरपंच श्री बल्लाराम कुंजाम ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अंचलवासियों के प्रमुख मांगों को मंत्री केदार कश्यप के समक्ष रखा। समारोह में स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मुख्य अतिथि केदार कश्यप को अपना उत्पाद भेंट किया, जिसका मंत्री केदार कश्यप ने भूरी-भूरी सराहना की।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिले 41 शहीद जवानों के परिजनों का किया जाएगा सम्मान

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नक्सल मोर्चों में मुठभेड के दौरान शहीद हुए जिले के 41 पुलिस जवानों के परिजनों को मुख्य समारोह स्थल डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर द्वारा शॉल एवं श्रीफल प्रदाय कर सम्मानित किया जाएगा। इनमें नगरी तहसील के फरसियां के शहीद आरक्षक रतन लाल मरकाम, बाजार पारा नगरी के प्यारेलाल सोम, ग्राम कौहाबाहरा के निर्मल कुमार नेताम और भीतररास के शहीद आरक्षक नवल किशोर शांडिल्य के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसी तरह धमतरी तहसील के संबलपुर के शहीद आरक्षक नारायण सोरी, सांकरा के नोहरू राम नेताम, गागरा के संतोष कुमार नेताम,परेवाडीह के टिकेश्वर कुमार ध्रुव, श्यामतराई के रामेश्वर ध्रुव, जल विहार कालोनी रूद्री के तिला राम ठाकुर, दुलारी नगर रूद्री के खगेन्द्र कश्यपए ग्राम विश्रामपुर के शहीद आरक्षक भूषण मंडावी और ग्राम रावनसिंघी के शहीद आरक्षक वासुदेव ध्रुव, के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसी तरह नगरी तहसील के ग्राम सेमरा के शहीद आरक्षक धनराज ध्रुव, जैतपुरी के शिव कुमार कोर्राम, कमईपुर मगरलोड के राधेश्याम नागवंशी, भैंसासांकरा के आदित्य साहू,आमगांव के चन्द्रहास ध्रुव, छिपली के खिलावन बिसेनए कोटपारा नगरी के हेमंत कुमार सोम, लाइनपारा के धर्मेन्द्र साहू, पोडागांव के शहीद आरक्षक विजय सूर्याकर और जंगलपारा नगरी के शहीद आरक्षक मोहम्मद अमजद खान के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। शांतिनगर चिखली के शहीद प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर रंगारी, ग्राम सातबाहना के सियाराम ध्रुव, और मल्हारी के शहीद प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सोम के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। रानीगांव के शहीद उप निरीक्षक कोमल साहूए ग्राम छिंदभर्री के सहायक निरीक्षक कैलाश नेताम और बरबांधा के शहीद निरीक्षक देवनाथ नागवंशी के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पदमपुर के शहीद प्रधान आरक्षक शिवप्रसाद शर्मा, खडपथरा के देवनाथ नाग, गट्ासिल्ली के महावीर मरकाम, ग्राम आमगांव के शहीद निरीक्षक विनोद कुमार ध्रुव,और ग्राम अर्जुनी के शहीद विशेष पुलिस अधीकारी तीरण सिंह मांझी के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही मगरलोड के ग्राम नारधा के शहीद आरक्षक ललित दीवान, ग्राम मारागांव के छबिलाल कांशी और भैसमुण्डी कुरूद के शहीद प्रधान आरक्षक नकुल ध्रुव, के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही ग्राम खरेंगा के भारतीय सैनिक शहीद मनीष कुमार ध्रुव,भंवरमरा के केशव निषाद, भेंडरी के बलराम ध्रुव और उमरादाह के शहीद यनेश्वर सलाम के परिजनों का सम्मान किया जायेगा।

## बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल का दौरा कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय में करेंगे ध्वजारोहण



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

बिलासपुर विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल कबीरधाम प्रवास पर रहेंगे। विधायक अग्रवाल 14 अगस्त रात्रि 8 बजे कार द्वारा बिलासपुर से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि 10 बजे सर्किट हाउस कवर्धा में आगमन होगा। अग्रवाल 15 अगस्त सुबह 09 बजे जिला मुख्यालय कवर्धा के आचार्यपंथ गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वाजारोहण करेंगे। अग्रवाल परेड का निरीक्षण, सलामी लेंगे और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में हर्ष फायर और मार्च पास्ट के बाद शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह में पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि प्रस्थान करेंगे। विधायक अमर अग्रवाल सुबह 11 बजे अग्रसेन भवन रायपुर रोड़ में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हांगे। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे कवर्धा से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल को उनकी वीरता के लिए मिलेगा राष्ट्रपति पदक

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के पुरुर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा का चयन राष्ट्रपति वीरता पदक के लिए हुआ है। यह पदक उनको 12 साल नक्सली क्षेत्र बस्तर में निडरतापूर्वक कार्य करने, बड़े बड़े नक्सली ऑपरेशन को सफल अंजाम देने और झीरम घाटी में नक्सली कमाण्डर को मार गिराने का परिणाम है। जहा उन्हें आने वाले 26 जनवरी 2025 को यह पदक मिलेगा। आप को बता दे कि उप निरीक्षक पद पर छत्तीसगढ़ पुलिस में भर्ती हुए शिशुपाल सिन्हा की पहली पदस्थापना बस्तर के सुकमा जिले के सघन नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोलापल्ली में हुई। जहां वो 2012 से 2013 तक रहे, फिर 2013 से 2016 तक तोंगपाल में रहे। उसके बाद डीआरजी कमांडर सुकमा में 2016 से 2018 तक, डीआरजी कमांडर 2018 से 2020 तक बस्तर जिले में रहे। उसके बाद फिर 2020 से 2023 तक दरभा थाना प्रभारी रहे। जिसके बाद उन्हें मैदानी इलाक़ा बालोद जिला भेजा गया। इन 12 साल में लगातार नक्सलियो से कई बार मुठभेड़ भी हुई। जिसमें प्रमुख रहा, 30 जून 2021 को जब सूचना मिली कि झीरम घाटी में बहुत से नक्सलीयों की हलचल है। जहा शिशुपाल अपने पुलिस कप्तान के आदेश के बाद निडर होकर झीरम की तरफ सिर्फ 8 सहयोगियों के साथ निकल गए और बैकप फोर्स के आने का इंतजार किये। कही नक्सली भाग मत जाए, इस बीच मुठभेड़ हो गई। जहा एक नक्सली कमांडर को भी मार गिराया। इसका परिमाण हुआ की शिशुपाल सिन्हा को राष्ट्रपति वीरता पदक मिलने वाला है।

### प्लाटून कमांडर को मारने में कई थी सफलता हासिल

शिशुपाल सिन्हा ने पायनियर से चर्चा में बताया की जो उन्होंने 12 साल बस्तर में सेवा दी है, उसकी परिणीति हैं। वे पदक मिलने की खबर से बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि 30 जून 2021 को जब झीरम घाटी में सूचना मिली कि नक्सलियों की टोली आई हुई है, क्योकि ठीक इसके एक सप्ताह पहले ही बड़ी मुठभेड़ यहां हुई थी, जिसमें 3 माओवादियों को मारा गिराया गया और एके 47 रायफल बरामद किया गया था। जिसके बाद से लगातार नक्सलियों की उपस्तिथि मिल रही थी, वहां उस समय एसपी दीपक झा थे, जिनके द्वारा ही झीरम घाटी जाने आदेशित किया गया था। हम लोग 8 जवान वहां गये, और वहां 26 नम्बर के प्लाटून कमांडर को मारने में सफलता हासिल किए। और इसी का परिणाम है कि 3 साल बाद आज राष्ट्रपति वीरता पदक के लिए मुझे नामांकित किया गया है।

बड़े गर्व की बात है, शिशुपाल सिन्हा को उनके वीरता के किये राष्ट्रपति पुरष्कार दिया जा रहा है, बालोद पुलिस के लिए बड़े गर्व का विषय है, उनको मैं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं।

**एसआर भगत, एसपी, बालोद**

## स्वतंत्रता का अलख जगाने निकाली गई तिरंगा रैली







पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वतंत्रता दौड का आयोजन किया गया। यह दौड सुबह 7:30 बजे से स्थानीय गांधी चौक से शुरू होकर गोलबाजार, घडी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकिज रोड, शिव चौक, सेंचुरी गार्डन होते हुए गांधी चौक में समाप्त हुई। महापौर विजय देवांगन और पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस अवसर पर रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, जिले के अधिकारी.कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और स्कूली बच्चां ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रंजना साहू ने स्वतंत्रता दौड में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की है, हमारा देश हमारे लिए सबसे पहले हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान की वजह से हमारा देश आजाद हुआ है। आज इस स्वतंत्र देश मे हम सभी को देश की शान तिरंगा फहराने का अधिकार है। इस अभियान के तहत हर घर में तिरंगा लगाना है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने स्वतंत्रता दौड के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी की मदद और अच्छाई के लिए दौड लगाना है। प्रतियोगिता में कुछ लोग जीतते हैं, लेकिन सद्भावना की दौड में सभी विजयी होते हैं। आप देश के भविष्य हैं और आप अपने साथ अन्य लोगों की मदद कर सकते हैं। हमारा सर हमेशा देश के सम्मान के लिए उठना चाहिए। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कहा कि यह अवसर हमें उन मूल्यों को याद करने का है, जिन्होंने हमारे स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज की दौड में सभी विजेता हैं, सभी आज अपने.अपने घरों में तिरंगा जरूर फहराएं। स्वतत्रता दौड में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक.बालिकाओं को अलग.अलग सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदाय किया गया तथा अतिथियों को औषधि पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले साहू समाज के शासकीय अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छ .ग . प्रदेश साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी कर्मचारी का सम्मान समारोह रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा उपाध्यक्ष रेखू? राम साहू जो स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद में पदस्थ हैं उन्हें समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान पत्र एवं प्रतिक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने बताया रेखूराम साहू समाज के विभिन्न पदों में रहकर समाज हित में कार्य किया है, अध्यक्ष तहसील साहू युवा प्रकोष्ठ में रहकर अनेक रचनात्मक कार्य किया, स्वास्थ्य शिविर, सिकलसेल उन्मूलन, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, कुष्ठ उन्मूलन, रक्त समूह जांच शिविर, स्वच्छता अभियान, विशाल युवा सम्मेलन, शानदार मंच संचालन, तहसील साहू संघ के सह सचिव के पद में भी कार्य किया है, वर्तमान में तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष के पद में रहकर समाज सेवा कर रहे हैं वे कोविड काल में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। खूशी जाहिर करने वालों में मोहन लाल साहू, लैलन कुमार साहू, तोरण लाल साहू, घना राम साहू, विजय साहू, संत राम साहू, गोविन्द साहू, निर्मल साहू, अंजू साहू, द्रौपती साहू, दामिनी साहू,संगीता साहू, कुंती साहू, रेवती साहू,राधा, छन्नू साहू, सुदर्शन साहू, पुरुषोत्तम साहू, किशन साहू, दीपक साहू, खूब लाल साहू, अजीत साहू, पीयूष साहू, शीतल साहू, , पूर्णिमा साहू, सहित समाज के लोग है।

## हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना चाहता है : श्रेया किन्नर




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

समाजसेवी जानकी गुप्ता ,मोहिनी साहू के साथ हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत श्रेया किन्नर ,नैना अम्मा,जन्नत अम्मा,सुष्मिता अम्मा द्वारा महापौर विजय देवांगन ,नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा से भेट वार्ता कर 15 अगस्त की शुभकामनाएं दी एवम् नगर निगम द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने के लिए निगम सेल्फी बोर्ड ,हस्ताक्षर अभियान के द्वारा प्रचार प्रसार किया गया।

## कबीरधाम जिले के पंचायत प्रतिनिधि और महिला समूह विशेष अतिथि के रूप में देखेंगे परेड

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए कबीरधाम जिले के पंचायत प्रतिनिधियों और महिला स्व सहायता समूह सहित अन्य सदस्यों का दल विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शामिल होने के लिए जिले के प्रतिभागी नई दिल्ली पहुंच गए हैं। कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे ने बताया कि जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सहित पंचायत प्रतिनिधियों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने राज्य शासन द्वारा किया गया है। नामांकित प्रतिभागी जिले का प्रतिनिधित्व नई दिल्ली के समारोह में करेंगे जो कबीरधाम जिले के लिए हर्ष का विषय है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि अंतर्गत सुमिता साहू सरपंच ग्राम पंचायत छोटूपारा जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और दुखिया बाई पटेल सरपंच ग्राम पंचायत बीरूटोला जनपद पंचायत कवर्धा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हो रही है। इसी तरह से महिला स्व सहायता समूह के सदस्य गौरी देवी साहू जय मां संतोषी स्व सहायता समूह ग्राम बरमूडा जनपद पंचायत कवर्धा शामिल हो रही है। समूह द्वारा आटा चक्की मछली पालन एवं मिनी राइस मिल का व्यवसाय किया जाता है जिसमें सालाना 1 लाख 55 हजार रुपए से अधिक की आमदनी समूह के सदस्यों को होती है। साथ ही कबीरधाम जिले के आकांक्षीविकासखंड बोडला में 40 अलग-अलग पैमानों पर हुए उल्लेखनीय कार्यों के लाभार्थी श्याम रतन एवं उनकी पत्नी श्यामा बाई ग्राम पंचायत रहेंगी जनपद पंचायत बोड़ला भी विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हो रहे है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थी एवं पंचायत प्रतिनिधियों के दल को जिले एवं राज्य से ले जाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। सभी प्रतिभागी विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में राष्ट्र के पर्व में शामिल होंगे। प्रतिभागियों में इस कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल है।

## मांगे पूरी नहीं होने पर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे : व्यापारी संघ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





